## प्रेस विज्ञप्ति

# प्रदेश में सभी विभागों के रिक्त पदों की भर्ती का विशेष अभियान

## व्यापम की तैयारी प्रारम्भ

व्यापम द्वारा प्रदेश में लम्बे अंतराल के बाद सभी विभागों/निगमों/मण्डलों व अन्य शासकीय संस्थाओं मे बिभिन्न प्रकार के ऐसे पद जो म0प्र0 लोक सेवा आयोग की प्रकिया से हटकर भरे जाते हैं, पर भर्ती करने हेतु विशेष कार्यक्रम प्रारम्भ कर दिया गया है व इसके अन्तर्गत व्यापम में सभी विभागाध्यक्षों व कार्यालय प्रमुखों से विभागवार बैठकें प्रारम्भ कर की जा रही हैं । सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अक्टूबर 2013 में राज्य शासन के विभिन्न विभागों/संस्थाओं से संबंधित उन पदों पर जिन्हें म0प्र0 लोक सेवा आयोग की परिधि से बाहर रखा गया है, संयुक्त चयन परीक्षा से भर्ती करने के नियम जारी किए गए थे । उन नियमों के अन्तर्गत ही व्यापम द्वारा अब विधिवत् विस्तार से कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है ।

व्यापम ने सभी विभागाध्यक्षों, राज्य शासन के सचिव/प्रमुख सचिवों को पत्र भेजकर ऐसे सभी पदों की जानकारी चाही है जो विभागीय नियमों के अन्तर्गत लिए जाकर उनमें पद पूर्ति की जानी है । उल्लेखनींय है कि अक्टूबर 2013 के परिपत्र के पश्चात विभागों के स्तर पर होने वाली या अन्य अभिकरणों के माध्यम से संचालित होने वाली परीक्षाएं प्रतिबंधित कर दी गई हैं । सभी विभागों से रिक्त पदों की जानकारी प्राप्त होने पर व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा इन पदों को चार समूहों में विभाजित किया जाकर परीक्षा का आयोजन किया जाएगा । ये सभी चार समूह तृतीय श्रेणी के संवर्ग के रिक्त पदों की पूर्ति से संबंधित हैं । इनमें सहायक प्रोग्रामर, कृषि विकास विस्तार अधिकारी, सहायक उद्यान विस्तार अधिकारी, मंडी निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक, उपयंत्री, स्टेनो टायपिस्ट, डाटा इन्ट्री आपरेटर, मानचित्रकार, इलेक्ट्रिशियन, लेब टेक्निशियन, वीडियोग्राफर, स्टाफ नर्स, दाई आदि समस्त संवर्ग लिए गए हैं ।

संविदा शिक्षक वर्ग--1, 2 व 3 के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय अधिकारियों की बैठक की जा चुकी है और उनकी चयन परीक्षा न होकर पात्रता परीक्षा होगी । इसके लिए पृथक से परीक्षा आयोजित की जाएगी व अन्य चार समूहों से भिन्न होगी ।

अध्यक्ष, व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा सभी विभागों से 30 सितम्बर 2014 तक जानकारी चाही है ताकि परीक्षाओं के आयोजन, ऑनलाईन तथा आफलाईन प्रणाली का पालन करते हुए, कराया जा सके । आगामी सप्ताह सभी विभागों के साथ नियमों पर विस्तार से चर्चा हेतु भी बैठक आयोजित की गई है । लम्बे अंतराल के बाद होने वाली इस परीक्षा में सभी विभागों को उनके लम्बे समय से चले आ रहे रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती होने का लाभ प्राप्त होगा । शासकीय सेवा में आरक्षक आदि के संबंध में जो प्रावधान विद्यमान हैं, उन सभी प्रावधानाओं का इन परीक्षाओं में भी पालन किया जाएगा ।

12/9/14

# PRESS NOTE

## PROFESSIONAL EXAMINATION BOARD TO CONDUCT EXAMINATIONS FOR ALL VACANCIES IN GOVERNMENT

.......

VYAPAM is planning examinations to fill up all vacancies in all departments/boards/corporations under government, as per the notification issued by the government in 2013. In this notification State Government has categorized all vacancies which are to be filled by competitive examinations to be conducted by Vyapam.

Vyapam has written to all departments/heads of departments/Managing Directors to provide the status of category-wise and cadre-wise vacancies in their set up. Information has already been received from more than 40 departments and Vyapam is now in the process of holding one-to-one discussions with the respective departments to finalize the position of reservation and vacancies.

The combined examination to be held in the coming months for all categories would be conducted in 4 different groups. These groups have been made based on the technical/professional skills required for those jobs. The eligibility test for contract teachers appointment in the education department in category 1, 2 & 3 is being conducted separately through separate examinations.

Shri Madan Mohan Upadhyay, Chairman, Professional Examination Board has written to all the departments to send the vacancies position in time so that all examinations can be conducted as per the schedule given in October, 2013 circular issued by the General Administration Department.

This will be the first time in Madhya Pradesh that such an examination will be held which will cater to the class-III vacancies of all departments through a combined examination. The result of such examination will determine the choice of candidates for different cadres in different departments. Vyapam will be recommending the examination results alongwith the list of candidates to different departments who have given their requisition for filling the vacancies. While conducting these examinations, the reservation for various categories available in different cadres will also be kept in mind.

Thenotification is applicable to all departments/institutions of the State. Another feature of this combined examination will be that only those candidates shall be included in the list of successful candidates who have achieved minimum cut off mark as are fixed group-wise in these groups. The examination shall be conducted by the Board through 'offline' or 'online' systems.

Various cadres of posts/designations available with the departments have been clubbed in different service groups and the conduct of examination for different groups will be planned accordingly.

Vyapam has requested all departments to furnish the vacancy information at the earliest.

.......

Desktop-pressnote.